## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को, सुबह 7.30 बजे कलेक्टोरेट परिसर से निकलेगी स्वतंत्रता दौड़

**रायगढ़।** 14 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से निकलेगी, जो डिग्री कालेज, जिला पंचायत रोड से होकर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम (मिनी स्टेडियम)में समाप्त होगी। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में शहर के समस्त नागरिकगणों, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल होने हेतु कहा है।

### इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में आज होगा जुम्बा डांस

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत युवा सहित सभी वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जुम्बा डांस का आयोजन किया गया है। सारंगढ़ के जनपद पंचायत कार्यालय और ब्लॉक कालोनी के पीछे स्थित इंडोर स्टेडियम में जुम्बा डांस 13 अगस्त 2023 को सुबह 7.30 बजे से किया जाएगा। सभी आयु के इच्छुक प्रतिभागी बच्चे, किशोर, युवा, बुजुर्ग इसमें निशुल्क शामिल हो सकते हैं।

### सरसींवा से भटगांव 15 किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में जिले में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज के निर्देशन में सरसींवा से भटगांव तक 15 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण एवं संकल्प पत्र का वाचन कर नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस मानव श्रृंखला में स्कूली बच्चे एवं आम नागरिक लगभग पंद्रह हजार से अधिक की संख्या में सम्मिलित हुए।

### सारबिला कोचिंग अकादमी सारंगढ़ के छात्राओं ने ली मतदाता जागरूकता हेतु शपथ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में मतदाता जागरुकता हेतु सारंगढ़ तहसीलदार आयुष तिवारी द्वारा सारबिला अकादमी सारंगढ़ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्राओं को मतदाता जागरूकता हेतु शपथ और सभी नागरिकों को जागरूक कराने हेतु संकल्प कराया गया। इसके साथ ही तिवारी द्वारा सारबिला एकेडमी के छात्राओं को भारतीय संविधान में निर्वाचन के संबंध में उल्लिखित जानकारी से जुड़े अनुच्छेदों के बारे में एक शिक्षक की तरह पढ़ाकर जानकारी प्रदान की गई।

### नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत किया गया पौधरोपण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** सारंगढ़ में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत "मेरी माटी, मेरा देश" देश की मिट्टी और वीर जवानों के सम्मान के लिए माटी को नमन, वीरो का वंदन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरपालिका परिषद सारंगढ़ अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, उपाध्यक्ष, सीएमओ राजेश पांडेय सहित नगरपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय परिसर और खाड़ाबंद तालाब के पास सामूहिक पौधरोपण किया गया।

# विश्व हाथी दिवस : आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

❑ वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की गई शुरूआत

❑ हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई




**रायगढ़।** हाथी विश्व दिवस के उपलक्ष्य में आज वनमण्डल धरमजयगढ़ में वल्ड एलीफेन्ट डे-इंडिग द इल्लिगल वाईल्ड लाईफ ट्रेड की थीम पर आत्मानंद स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की शुरूआत की गई और हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल, धरमजयगढ़ के बच्चों को काष्ठागार डिपो धरमजयगढ़ में द एलीफेन्ट व्हिस्परर्स मूवी का स्क्रीनिंग किया गया और हाथी व्यवहार के बारे में बताया गया। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे चित्रकला, निबंध, क्विज कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया और विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस मौके पर धरमजयगढ़ दौरे पर आए एपीसीसीए अरुण पांडे द्वारा हाथी मित्र दल और ट्रैकर से मुलाकात कर मानव हाथी द्वंद्व की जानकारी ली और अपने अनुभव साझा किए। हाथी मित्र दल को टॉर्च, छाता, फस्ट एड किट सामग्री का वितरण भी किया गया।

संवेदना अभियान के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के बारे में अवगत कराना है। अवैध तरीके से जंगल में शिकार के उद्देश्य से बिछाए जाने वाले जीआई तार से होने वाले वन्यप्राणियों के नुकसान, स्थानीय ग्रामीणों की जन हानि और पशुधन के नुकसान के संबंध में अवगत कराना है। संवेदना अभियान के अंतर्गत ग्रामीणा को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत वन अपराध, सजा के प्रावधानों आदि से अवगत कराना है और अपराध घटित होने से पूर्व ग्रामीणों को इसकी गंभीरता के बारे में अवगत कराना है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा एक नैतिक और साझा जिम्मेदारी है। संवेदना अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बिजली विभाग और राजस्व विभाग आदि से पत्राचार कर आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं अवैध विद्युत कनेक्शन से होने वाली घटनाओं की रोकथाम करना है।

## घटारानी मंदिर जाने निकले युवकों की कार पलटी : दो की मौत



❑ मृतकों में एक हवलदार दूसरा सरपंच प्रतिनिधि

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोगरा के निकट एक कार की टायर फट जाने से कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक हवलदार और दूसरा सरपंच प्रतिनिधि था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

सूत्रों ने बताया कि मस्तुरी ब्लौक के सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि, पचपेड़ी थाने में तैनात हवलदार मित्र रामबहोर सिन्हा के साथ गरियाबंद के घटारानी घूमने ग्राम पंचायत चिल्हाटी के सरपंच प्रतिनिधि अनूप नायक की कार में सवार होकर मस्तूरी से निकले थे। कार में अनूप नायक, रामबहोर सिन्हा के अलावा ग्राम जैतपुरी के सरपंच पुरन कैवत्र्य ग्राम पंचायत पतईडीह सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल यादव भी सवार थे। रात करीब 10:30 बजे कार छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोगरा के पास पहुंचे थे। तभी कार का अगला फट जाने से कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई और उनकी कार दो से तीन बार पलटी मारते हुए भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में पचपेड़ी थाने के प्रधान आरक्षक रामबहोर सिन्हा और ग्राम पतईडीह के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल यादव को मौके पर ही मौत हो गई। जैतपुरी के सरपंच पुरन कैवत्र्य व अनूप नायक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जहां शव पीएम के लिए भेज दिया, वहीं घायलों को उपचारार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मतदान केन्द्रों में हो रहा विशेष शिविर का आयोजन : आगामी 13, 19 एवं 20 अगस्त को होगा मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर

❑ जनसामान्य मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए कर सकते है आवेदन प्रस्तुत

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। यह शिविर आज 12 अगस्त को आयोजित हुई। इसी तरह 13 अगस्त, 19 अगस्त एवं 20 अगस्त 2023 को भी समस्त मतदान केन्द्रों में आयोजित होगी। मतदान केन्द्रों में नियुक्त अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी कार्यालयीन समय में मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे एवं लोगों से आवेदन प्राप्त करेंगे।

मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोडऩे अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदाता सूची में नाम जोडऩे, विलोचन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

## स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी, 8 छात्रों को आई चोट



**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में स्कूल वैन पलटने से छात्र घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि ड्राइवर की लापरवाही के कारण वैन पलटी है. इस हादसे में 8 बच्चे घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। दरअसल, सहसपुर लोहारा के श्वेता पब्लिक स्कूल की वैन पलटी है. घटना के वक्त 8 बच्चे वाहन में सवार थे. घायल बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहसपुर लोहारा में इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि वाहन के पहिए के नीचे बड़ा पत्थर आ जाने से महराटोला रोड के पास हादसा हुआ है. वैन चालक को भी मामूली चोट आई है. किसी को ज्यादा चोट नहीं आई है. इसलाज जारी है.

## चोरी की दो बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

❑ साइबर सेल की टीम के साथ पूंजीपथरा व घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त कार्यवाई

**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर बाइक चोरी पर अंकुश लगाने साइबर सेल एवं थानों की टीमें क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय कर बदमाशों पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में कल साइबर सेल रायगढ़ की टीम द्वारा पूंजीपथरा और घरघोड़ा पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही कर क्षेत्र में सक्रिय दो बाइक चोर- प्रिंस कुमार चंद्रवंशी निवासी गेरवानी एवं राजेश श्रीवास निवासी छाल हाल मुकाम तराईमाल पूंजीपथरा को पकड़ा गया जिनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स तथा हीरो स्प्लेंडर प्लस की बरामद किया गया है।




जानकारी के मुताबिक थाना पूंजीपथरा में 24 जुलाई 2023 को तराईमाल, पूंजीपथरा के बीएस स्पंज प्लांट से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 ए0ई0 6562 तथा कल थाना घरघोड़ा 10 अगस्त को स्टेट बैंक घरघोड़ा के सामने से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 12 ए0एल0 6755 के चोरी की रिपोर्ट मोटर सायकल मालिक द्वारा दर्ज कराया गया था। बाइक चोरी में लगी साइबर सेल की टीम द्वारा कल मुखबीर सूचना पर थानों के स्टाफ के साथ संदेही राजेश श्रीवास निवासी छाल और प्रिंस कुमार चंद्रवंशी निवासी गेरवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी राजेश श्रीवास पिता विनय श्रीवास्तव उम्र 19 साल निवासी छाल हाल मुकाम तराईमाल पूंजीपथरा ने बीएस स्पंज प्लांट से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 ए0ई0 6562 की चोरी एवं आरोपी प्रिंस कुमार चन्द्रवंशी (19 साल) निवासी गेरवानी ने स्टेट बैंक घरघोड़ा के सामने से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 12 ए0एल0 6755 की चोरी कर छिपाकर रखना बताये। दोनों आरोपियों से चोरी की बाइक बरामद कर घरघोड़ा और पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## नए मतदाताओं की हुंकार, उपयोग करेंगे अपना मताधिकार

❑ राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जुटे नए मतदाता, मतदान का लिया संकल्प

❑ कलेक्टर सिन्हा ने दिलाई शपथ

❑ बोईरदादर स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम




**रायगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आज बोईरदादर स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां करीब एक हजार कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करते हुए 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने मतदाताओं एवं स्कूली बच्चों को मतदान हेतु शपथ दिलवाई एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट भी उपस्थित रहें।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने फ्लेक्स, तख्तियों को लेकर रैली भी निकाली एवं जनसामान्य को शत-प्रतिशत वोटिंग की अपील की। आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर मतदान के लिए प्रेरित करना एवं लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था।

उल्लेखनीय है कि 02 अगस्त से निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 पूर्ण होती है, वो अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इन स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियो की रही सहभागिता-** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में विद्या विकास स्कूल, सेंट टेरेसा, संस्कार पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम, सरदार वल्लभभाई हिंदी माध्यम विद्यालय तिलक स्कूल, साईं बाबा आदर्श विद्यालय, डिग्री कॉलेज, कृषि महाविद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूल टारपाली के विद्यार्थी शामिल हुए।

## 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

❑ घर पर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस की शराब रेड कार्यवाही



**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में आज दिनांक 12/08/2023 को पूंजीपथरा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा ग्राम तराईमाल के महेश भगत द्वारा घर आंगन में बने झोपड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर मौजूद मिले महेश भगत से अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर उसने झोपड़ी में छिपा कर रखा 10 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरकिन में भरा हुआ 10 लीटर महुआ शराब लाकर पेश किया जिसे विधिवत जप्ती कर आरोपी महेश भगत पिता घसिया भगत उम्र 28 साल तराईमाल थाना पूंजीपथरा को मय शराब थाना पूंजीपथरा लाया गया जिस पर 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बर्खास्त सिपाही ने नौकरी लगवाने के नाम पर 21 लोगों से वसूला 1.13 करोड़

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस विभाग से बर्खास्त किए गए एक आरक्षक व उसके जीजा ने मिलकर लोगों को ठगने का फार्मूला ढूंढा, पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर उन्होंने अपना जाल ऐसा फेंका कि इसमें 21 लोग फंस गए। यही नहीं आरोपियों ने इन सभी से कुल 1 करोड़ 13 लाख रूपए भी वसूल कर लिया।




सूत्रों ने बताया कि पूरा मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बर्खास्त कॉन्स्टेबल व उसके जीजा के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। वहीं आरोपी फिलहाल जेल में निरूद्ध है। पूरा मामला कुछ इस तरह से है कि मस्तूरी के जयरामनगर निवासी महेश पाल (24) पिता गेंदराम पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बर्खास्त कॉन्स्टेबल पंकज शुक्ला ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा दिया है। शुक्ला आईजी कार्यालय में पदस्थ था। उसने उससे संपर्क कर पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने की बात कही थी। उसने पुलिस विभाग के अधिकारियों से उसकी अच्छी जान पहचान होने की बात भी कही। उसने डीजीपी कोटा के तहत पुलिस की नौकरी दिलाने की बात कही थी। कॉन्स्टेबल ने झांसा दिया कि वह उसके अलावा उसके दोस्तों की भी नौकरी लगवा सकता है। उसकी बातों में आकर महेश सहित 21 लोग नौकरी के लिए तैयार हो गए। आरोपी कॉन्स्टेबल पंकज शुक्ला ने नौकरी दिलाने के नाम पर 21 लोगों से 1 करोड़ 13 लाख रुपए की बड़ी रकम वसूल कर ली। रुपए लेने के लिए उसने फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिए थे। पीड़ितों ने कहा कि कॉन्स्टेबल के साथ उसका जीजा रमाशंकर पांडेय भी इस काम में उसका साथ दे रहा था। पीड़ित जब कॉन्स्टेबल का दिया हुआ जॉइनिंग लेटर लेकर ऑफिस पहुंचा तब मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और कॉन्स्टेबल को जेल भेज दिया।

## सारंगढ़ में शुक्रवार 18 अगस्त को होगा वाक इन इंटरव्यू

❑ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के रिक्त पदों का होगा संविदा भर्ती

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में संचालित सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु 18 अगस्त 2023 शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ (खेलभाठा) में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा। इस इंटरव्यू में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक (दसवी, बारहवी, स्नातक, बीएड, डीएड, टीईटी आदि) के साथ जाति, निवास प्रमाण पत्र के फोटोकॉपी, स्वप्रमाणित किए हुए का एक सेट और ओरिजनल अंकसूची भी लेकर आएं।

साक्षात्कार में अंग्रेजी माध्यम के व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक की भर्ती की जाएगी, जिसमें हिंदी, संस्कृत, रसायन, गणित, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान विषय के व्याख्याता, कला (आर्ट्स) और अंग्रेजी विषय के शिक्षक, विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, कला, भौतिक विषय के सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) और प्री प्रायमरी शिक्षक के पद शामिल हैं। इस संबंध में सम्पूर्ण जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खेलभाठा सारंगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

## बिलाईगढ़ में 14 व 16 अगस्त को होगा प्लेसमेंट कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से निशुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा।

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में प्लेसमेंट कैंप 14 और 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त 2023 तक होगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवी बारहवी अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वी, 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी।



इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480